हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 नवंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 7.8 डिग्री

11 जयंती पर दीनबंधु छोटू राम को दी श्रद्धांजलि



12 5109 चालान 80.55 लाख रुपये का जुर्माना



## खबर संक्षेप

### गोपाल कीर्तन मंदिर में श्री राम विवाहोत्सव आज से

**सोनीपत।** विवाह पंचमी के अवसर पर मंगलवार को मर्यादा पुरुषोतम श्री राम और माता सीता के विवाह की वर्षगांठ के अवसर पर फीनी देवी सूरजभान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सोनीपत में श्री गोपाल कीर्तन मंदिर (भूरे मंदिर) शिवनगर, मिशन चौक, पर श्री राम विवाहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष पवन गर्ग और डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि मंगलवार शाम 4 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा।

### दुभेटा गांव में घर के बाहर खड़ी ईको चोरी

**गन्नौर।** दुभेटा गांव में घर के बाहर खड़ी ईको गाड़ी चोरी हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत खुबड़ू पुलिस चौकी में दी। शिकायत में गांव दुभेटा निवासी प्रदीप ने बताया उसने ईको गाडी सतीश निवासी गांव चिडाना से 2016 में खरीदी थी। 22 नवंबर की रात को उसने गाड़ी अपने घर के बाहर खड़ी कर रखी थी। अगली सुबह जब वह अपने घर से निकला तो उसे गाड़ी नही मिली। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के साथ दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना शहर पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपित लुहारी टिब्बा निवासी बलराज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। 11 नवंबर को युवती ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दी कि बलराज ने उनके साथ जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया है, पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की। सोमवार को आरोपित बलराज को गिरफ्तार किया है।

### बिजली कर्मचारी पंचकूला में कल प्रदर्शन करेंगे

**गोहाना।** बिजली कर्मचारी अपनी मांगों को पूरा करवाने की मांग को लेकर 26 नवंबर को पंचकूला में प्रदर्शन करेंगे। सोमवार को यहजानकारी ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य कमेटी के सदस्य सुरेश यादव ने दी। यादव ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने जोखिम भत्ता, 7 हजार रुपये प्रति महीना लागू करवाने, पुरानी पेंशन बहाल करवाने, एक्स ग्रेशिया पॉलिसी को लागू करवाने, कर्मचारियों को 1000 यूनिट फ्री दिलवाने जैसी कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में 20 में से 14 शिकायतों का समाधान किया

# बिजली चोरी का झूठा केस दर्ज किया, मंत्री ने वापस करवाए पैसे, अब जेई का होगा तबादला

*राज्यमंत्री गौरव गौतम ने गांव बुटाना की मंजू बाला की शिकायत पर की कार्रवाई*

- आईटीबीपी के जवान अजय की जमीन का रास्ता दिलवाने के मामले में तहसीलदार व एसडीएम को जांच के आदेश
- एक अन्य मामले में पुलिस को निर्देश, जमीन पर कब्जा न होने दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने बिजली चोरी का झूठा केस दर्ज करने से संबंधित गांव बुटाना निवासी मंजू बाला की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के संबंधित जेई का तबादला करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिकायतकर्ता ने जो पैसे जमा करवाएं थे उसे भी वापस करने के निर्देश जारी किए। शिकायत में महिला ने बताया था कि बिजली चोरी का झूठा केस दर्ज किया गया था, जिसकी वजह से उसे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखी गई 20 शिकायतों की सुनवाई करते हुए 14 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। हरियाणा के राज्य मंत्री गौरव गौतम सोमवार को पंचायत भवन स्थित जिला परिषद हॉल में कष्ट निवारण समिति बैठक के दौरान शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। बैठक के दौरान मंत्री गौरव गौतम ने 4 अलग-अलग शिकायतों की जांच करने के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में गांव सेहरी के रहने वाले आईटीबीपी में तैनात अजय की जमीन का रास्ता दिलवाने के बारे में शिकायत पर राज्यमंत्री ने एसडीएम, तहसीलदार तथा बीडीपीओ की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर संबंधित मामले की जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में गांव खानपुर निवासी अंगूरी ने शिकायत दी कि उनके पति की मृत्यु के बाद उनकी जमीन उनके बेटों व उनके नाम आ गई लेकिन एक खेवट होने के बावजूद उनके एक बेटे ने गलत तरीके से जमीन बेच दी। इस मामले के संबंध में कार्रवाई करते हुए राज्यमंत्री ने संबंधित तहसीलदार तथा पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसकी जांच करें और पुलिस विभाग यह सुनिश्चित करें कि इनकी जमीन पर कोई कब्जा न करें।

### 4 शिकायतों की जांच करने के लिए कमेटियां बनाईं



**सोनीपत।** बैठक के दौरान मंत्री गौरव गौतम और उपायुक्त।

### सभी शिकायतकर्ताओं ने विस्तार से रखी परेशानी



**सोनीपत।** बैठक के दौरान शिकायतकर्ता अपनी बात रखते हुए।

### इन शिकायतों पर भी हुई सुनवाई, संतुष्ट नजर आए फरियादी

- राज्यमंत्री ने गलत हस्ताक्षर कर गुडगांव में स्थित फ्लेट बेचने से संबंधित सेक्टर-15 निवासी रमेश बत्रा की शिकायत पर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित मामले में हस्ताक्षर से संबंधित फोरेंसिक रिपोर्ट लेकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।
- गांव रभडा निवासी निर्मला की बैंक खाता गलत होने बुढापा पेंशन न मिलने से संबंधित शिकायत पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यालय बात कर इनकी पेंशन चालू करवाओं और इनकी पुरानी पेंशन भी दिलवाई जाए।
- गांव माहरा निवासी रमेश ने शिकायत दी कि उनके नाना-नानी की मृत्यु होने के बाद उनकी माता की जमीन उसके परिवार वालों ने कब्जा रखी है, जिसपर राज्यमंत्री ने डीआरओ को निर्देश दिए कि इस मामले में कागजात की जांच करें और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।
- पंजाबी बाग निवासी अंकुश मग्गो की शिकायत पर राज्यमंत्री ने एसडीएम को निर्देश दिए कि जिस व्यक्ति से इसने फ्लैट खरीदा था उसे बुलाकर इसकी रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित करें।
- गांव बनवासा निवासी कप्तान सिंह की फर्जी तरीके से जमीन हडपने से संबंधित शिकायत पर राज्यमंत्री ने एक महीने में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**दादा का नाम ठीक करवाने के मामले में कमेटी एक महीने में रिपोर्ट दे**

कष्ट निवारण समिति मैंबर सत्यावती ने राज्यमंत्री के समक्ष शिकायत रखी कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके जारी उनके पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र में उनके दादा का नाम न्यादर की जगह रामस्वरूप लिखा गया है, इसलिए इस नाम को ठीक करवाया जाए। शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के जवाब में राज्यमंत्री ने जांच करने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए और कहा कि यह कमेटी एक महीने में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

**बैठक के दौरान पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे**

इस मौके पर पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, डीएफओ रेनू बाला, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, डीसीपी कुशल सिंह, एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, नगराधीश डॉ. अनमोल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ व अनिल दून सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बेटी को तंग कर रहे प्रिंसिपल व अन्य अध्यापक

चंदवति शर्मा ने शिकायत दी कि बेटी एक स्कूल में अध्यापक है और उसके प्रिंसिपल व एक अन्य अध्यापक द्वारा उसकी बेटी को तंग किया जा रहा है, जिसपर राज्यमंत्री ने तुरंत नगराधीश, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त व डीईओ के अध्यक्षता में कमेटी करने की निर्देश दिए और कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराओ और अगर इस मामले में कोई दोषी मिले तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में गांव मिरजापुर निवासी सुनीता ने शिकायत दी कि कुछ लोग उसकी विरास्त जायदाद पर जबरन कब्जा करना चाहते है। इस शिकायत पर कमेटी अध्यक्ष ने एसडीएम व एसीपी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच करने के निर्देश दिए।

## हादसा

### वाहन की टक्कर से एमसीडी के सफाई कर्मी की मौत

**गन्नौर।** टेहा गांव के पास सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार छोटे हाथी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार सोमवार की सुबह गांव टेहा निवासी 54 वर्षीय रमेश चंद पैदल सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान छोटा हाथी वाहन का चालक तेज गति से आया और रमेश चंद को टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गया। रमेश चंद दिल्ली एमसीडी में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे विनोद ने थाना बड़ी में अज्ञात चालक के खिलाफ शिकायत दी है।



रमेश का फाइल फोटो।

### हादसे में बाइक सवार की जान गई, एक घायल

**खरखौदा।** सिसाना - सिलाना मार्ग पर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा घायल हो गया। मृतक व्यक्ति की पहचान राहुल के रूप में हुई है, जो जसराणा गांव का रहने वाला था। वह एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था। घायल व्यक्ति की पहचान नीरज कुमार के रूप में हुई है, जो फरमाणा गांव का रहने वाला है। वह भी उसी कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है।

# सीवर लाइन कार्य में अनियमितताओं पर हंगामा, ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत की बावा कॉलोनी में सीवर लाइन बिछाने में अनियमितताओं के विरोध में शनिवार को कॉलोनीवासियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने ठेकेदार और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि सीवर लाइन बिना लेवल, बिना बेस और घटिया सामग्री से बिछाई जा रही है, जिससे कॉलोनी की समस्याएं और बढ़ने लगी हैं। नरेन्द्र कुमार व सुनील बैरागी ने बताया कि बावा कॉलोनी के लोग पहले से ही नारकीय जीवन जी रहे हैं। उन्हें उम्मीद थी कि नई सीवर लाइन से स्थिति सुधरेगी, लेकिन ठेकेदार द्वारा स्थिति को और खराब कर दिया है।



**सोनीपत।** गली की स्थिति दिखाकर विरोध प्रदर्शन करते स्थानीय निवासी।

### लोगों का आरोप, शिकायत करने पर ठेकेदार ने धमकाया

लोगों ने कहा कि जब ठेकेदार को इसकी शिकायत की, तो उसने धमकाने की कोशिश की और कहा कि उसकी ऊपर तक पहुंच है और वह कमीशन देता है, कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि मामले में तुरंत संज्ञान लिया जाए, पूरी जांच कर सीवर लाइन को निर्धारित मानकों के अनुसार दोबारा बिछाया जाए तथा संबंधित ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में नरेन्द्र कुमार, संजय कुमार, रमेश, वेद प्रकाश, दयानंद आदि शामिल रहे।

*वार्ड 2 और 15 में जनसंख्या बाकी वार्डों से कहीं ज्यादा*

# चुनावी सुगबुगाहट : सोनीपत नगर निगम वार्डबंदी प्रारूप पर उठे सवाल, दो नए वार्ड बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत नगर निगम चुनाव की तैयारियां अब तेज हो गई हैं। नगर निगम के मेयर और पार्षदों का कार्यकाल जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में समाप्त होने वाला है, और इससे पहले वार्डबंदी के प्रारूप को अंतिम रूप देने का काम जारी है।

प्रशासन ने हाल ही में जो वार्डबंदी का प्रारूप तैयार किया है, उस पर दो निगमकर्मियों ने ऑब्जेक्शन (आपत्ति) दर्ज कराए हैं। पार्षदों का दावा है कि प्रशासन ने सभी वार्डों को समान जनसंख्या के आधार पर बनाने का वादा किया था, लेकिन वार्ड नंबर 2 और वार्ड नंबर 15 में जनसंख्या बाकी वार्डों से कहीं ज्यादा है। पार्षद सुरेंद्र नैय्यर ने बताया कि प्रारूप के अनुसार, वार्ड-2 में 21500 और वार्ड-15 में 20500 की आबादी दिखाई गई है, जो अन्य वार्डों के मुकाबले काफी अधिक है। इस बैठक में उपायुक्त सुशील सारवान, मेयर राजीव जैन, निगम आयुक्त हर्षित कुमार समेत अधिकारी और पार्षद उपस्थित रहे।

### दो नए वार्ड कहां बनेंगे?



*बैठक में फैसला लिया गया कि शहर के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में एक-एक नया वार्ड बनाया जाएगा*

**पूर्वी इलाके में :** वार्ड नंबर 11, 12, और 13 में से कुछ क्षेत्र हटाकर नया वार्ड बनेगा, जिसमें ओल्ड डीसी रोड क्षेत्र की कॉलोनियां शामिल होंगी।

**पश्चिमी इलाके में :** वार्ड नंबर 18, 19, और 20 से कुछ क्षेत्र हटाकर दूसरा नया वार्ड बनाया जाएगा।

### जनसंख्या में वृद्धि हुई इसलिए उठा रहे कदम

नगर निगम क्षेत्र की जनसंख्या में पिछले पांच सालों में बड़ा उछाल आया है। पांच साल पहले 3 लाख 40 हजार 919 की आबादी पर 20 वार्ड बनाए गए थे, जो अब बढ़कर 4 लाख 5 हजार 275 तक पहुंच चुकी है। इसी कारण, वार्डों की संख्या भी 20 से बढ़कर 22 हो जाएंगी। नए वार्डों के लिए आरक्षण की स्थिति भी साफ़ हो चुकी है। अब चार अनुसूचित जाति वर्ग और चार पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड आरक्षित होंगे। पिछड़ा वर्ग के चार वार्डों में से तीन वार्ड पिछड़ा वर्ग-ए और एक वार्ड पिछड़ा वर्ग-बी के लिए घोषित किया जाएगा।

### जस्टिस सूर्यकांत के सीजेआई बनने पर गोहाना में बांटे लड्डू



**गोहाना।** बार एसोसिएशन में लड्डू बांटते अधिवक्ता।

**गोहाना।** जस्टिस सूर्यकांत के भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ग्रहण करने पर गोहाना बार एसोसिएशन ने खुशी व्यक्त की। इस खुशी में एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने लड्डू बांटे। समारोह में युवा अधिवक्ता इंद्र प्रकाश शर्मा, अधिवक्ता नरेश शर्मा, अंकित सिंह कुंडू, संदीप शर्मा, संदीप सैनी, संदीप कश्यप और गायत्री सहित कई अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

हिंदू कॉलेज के सामने बनाए गए रैन बसेरे में जांच

# मेयर राजीव जैन ने देर रात छापा मारकर रैन बसेरे में नशाखोरी पकड़ी, केयरटेकर को हटाया, लगाया ताला

- रैन बसेरे में दो युवक थे जो सूखा नशा कर रहे थे, उनसे नशे से संबंधित खाली रैपर भी मिले।
- दूसरे दो नागरिकों को शनि मंदिर के पास स्थित दूसरे रैन बसेरे में शिफ्ट किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू कॉलेज के सामने नगर निगम द्वारा बनाए गए अस्थाई रैन बसेरे में नशा किए जाने की सूचना मिलते ही मेयर राजीव जैन ने रविवार रात अचानक छापा मारा। मौके पर लापरवाही और गड़बड़ी देखते हुए उन्होंने रैन बसेरे के केयरटेकर आनंद को तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए और उसी समय रैन बसेरे पर ताला लगवा दिया।




**सोनीपत।** रैन बसेरे में निरीक्षण करते हुए मेयर राजीव जैन। *फोटो : हरिभूमि*

छापे के दौरान मेयर ने पाया कि रैन बसेरे में दो स्थानीय युवक मौजूद थे जो सूखा नशा कर रहे थे। युवकों के पास से नशे से संबंधित खाली रैपर भी मिले। मेयर ने तुरंत पुलिस और युवकों के परिजनों को बुलाया, जहां दोनों को कड़ी नसीहत देकर उनके परिजनों के हवाले किया गया। इसके अलावा रैन बसेरे में मौजूद दो निर्धन नागरिकों को वाहन के माध्यम से शनि मंदिर के पास स्थित दूसरे रैन बसेरे में शिफ्ट किया गया। राजीव जैन ने बताया कि उन्हें कई दिनों से शिकायतें मिल रही थीं कि तैनात कर्मचारी नशाखोरी में लिप्त लोगों को रैन बसेरे में ठहरने देते हैं। सूचना की पुष्टि होने पर उन्होंने रात में ही कार्रवाई की।

### अवांछित तत्व मिले तो जेल भेजा जाएगा

मेयर ने चेतावनी दी कि भविष्य में रैन बसेरे में अवांछित तत्व मिले तो उन्हें जेल भेजा जाएगा। मेयर ने कहा कि सर्दी के मौसम में किसी भी बेघर व्यक्ति को सड़क पर न सोना पड़े, इसके लिए नगर निगम द्वारा रैन बसेरों की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रैन बसेरे में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पूरा रिकॉर्ड रखा जाए और संदिग्ध या अनुचित गतिविधियों में शामिल लोगों को प्रवेश न दिया जाए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरों की व्यवस्था चलाने के लिए समय-समय पर जांच जारी रहेगी।

### भिगान-कामी सड़क निर्माण कार्य अधूरा, उड़ रही धूल



**गन्नौर।** अधूरा पड़ा भिगान-कामी सड़क निर्माण कार्य।

**गन्नौर।** भिगान से कामी जाने वाली सड़क को उखाड़कर अधूरा छोड़ देने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। लोक निर्माण विभाग द्वारा समय पर निर्माण कार्य पूरा न किए जाने के कारण राहगीरों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क के उखड़े हिस्से और गड्ढों से भरी पटरी पर चलना बेहद मुश्किल हो गया है, जिससे हर दिन दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा है। सड़क उखड़ने के बाद उठ रही धूल लोगों के लिए नई मुसीबत बन गई है। आसपास के घरों में धूल भर रही है और राहगीरों की आंखों व सांस पर बुरा असर पड़ रहा है। जबकि ग्रैप नियम लागू है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की ओर से सड़क पर पानी का छिड़काव तक नहीं किया जा रहा, जिससे हालात और बिगड़ते जा रहे हैं।

# सहेली



किसी पर भी ऐसी बड़ी विपदा आ सकती है कि वह टूट जाए, जीवन में एकदम अकेला हो जाए। अगर वह स्त्री है तो उसके जीवन का संकट और गहरा हो जाता है। ऐसी स्थिति में समझदारी के साथ धैर्य और साहस से काम लिया जाए तो हम बड़े से बड़े संकट से उबर सकते हैं। आशा की नई किरणों से जीवन में छाए अंधेरे को छांटकर, खूबसूरत जिंदगी जी सकते हैं।

## अकेले हैं तो क्या गम है नजरिया बदलें और खुश रहें

कवर स्टोरी

प्रतिभा अग्निहोत्री

अपने इकलौते युवा बेटे को एक दुर्घटना में खोने से गीता बहुत दिनों तक अपसेट रहीं, लेकिन फिर उन्होंने अपने आपको संभाला। अब वह जिंदादिली से अपना जीवन जी रही हैं। छोटे-बड़े किसी भी समारोह में पहुंचकर वह अपने मधुर स्वभाव से वहां का वातावरण खुशनुमा बना देती हैं, उनसे मिलकर हर इंसान सकारात्मकता से भर उठता है। गीता बताती हैं, 'पति के देहांत के बाद बेटा ही एकमात्र सहारा था। एक पल को ऐसा लगा था, मानो अब सब कुछ खत्म हो गया। अपने दुखों के बारे में सो च ते - सो च ते कभी-कभी तो मुझे इतना तनाव हो जाता था कि रात में नींद नहीं आती थी। खाना नहीं बनाती थी और यदि किसी तरह बन गया तो खाने की इच्छा ही नहीं होती थी। इसी तरह दिन गुजर रहे थे, फिर एक दिन लगा कि इंसान का जन्म बहुत मुश्किल से मिलता है। और एक मैं हूं कि अपनी इस जिंदगी को यूं ही बर्बाद किए जा रही हूं। इस तरह तो एक दिन बीमार होकर बेड पर आ जाऊंगीं फिर क्या होगा? बस उस दिन से दुःख, अवसाद और तनाव को हटाकर मैं यथार्थ में आ गई। लगा कि अभी तो बहुत कुछ करना शेष है, और उसी दिन से मेरा जीवन को देखने का नजरिया ही बदल गया।



**तनाव को ना हावी होने दें:** वास्तव में अकेलापन कोई समस्या नहीं है बल्कि हमारे ही नकारात्मक विचारों से उत्सर्जित तरंगों द्वारा निर्मित एक अहसास, मनोभाव और विचार है। काउंसलर कीर्ति वर्मा कहती हैं, 'अवसाद की शुरुआत तनाव से होती है। जब यह तनाव निरंतर मन-मस्तिष्क पर हावी रहता है तो इंसान अकेलेपन का शिकार हो जाता है। यह स्थिति लंबे समय तक रहती है तो फिर इंसान अवसाद में आ जाता है। इसलिए जरूरी है कि हम खुद पर अकेलेपन को हावी नहीं होने दें।'

वेबएमडी के एक सर्वे के अनुसार अकेलेपन के कारण 26 प्रतिशत तक समय पूर्व मृत्यु की और 32 प्रतिशत स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए आवश्यक है कि जैसे ही यह खालीपन आपके मन-मस्तिष्क में जगह बनाने लगे तो सचेत होकर स्वयं को सकारात्मक दिशा में लगा दें ताकि समस्या और अधिक गंभीर न हो।

**दोस्तों और परिवार से मिलें:** मनोवैज्ञानिकों के अनुसार दोस्तों और परिवार के सदस्यों से मिलना-जुलना बेहद जरूरी है। जब हम अपने प्रियजनों और इष्टमित्रों से मिलते हैं तो डोपामाइन हार्मोन रिलीज होता है, जो हमारे विचारों में सकारात्मकता का समावेश करता है, इसलिए जब भी समय मिले, अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय अवश्य बिताएं। अपनी सखियों के साथ घूमने जाएं, उन्हें भोजन पर बुलाएं, गेम खेलें परंतु केवल उन्हीं दोस्तों के साथ, जिनसे मिलकर आपको खुशी मिलती हो।

**नजरिया हो सकारात्मक:** जब भी अकेलेपन के तनाव के कारण अवसाद में जाने लगें तो जीवन को देखने का नजरिया बदलें। अपनी ही स्थिति पर हरदम दुःखी होते रहने की अपेक्षा अपने से कमतर लोगों को देखें, आप पाएंगी कि आपसे अधिक सुखी इस संसार में कोई दूसरा नहीं है। सुखी इंसान सौ प्रतिशत वही है, जो हाथ-पैर और दिलो-दिमाग से पूरी तरह फिट है। हमें यह समझना चाहिए कि सुख-दुख जीवन के दो पहलू हैं, जिसमें कभी एक पहलू कमजोर होता है तो कभी दूसरा।



**नकारात्मक लोगों से बनाएं दूरी:** नकारात्मकता जहां आपके सोचने-समझने की शक्ति को क्षीण करके मन-मस्तिष्क को तनावग्रस्त करती है, वहीं सकारात्मकता असीम ऊर्जा का संचार करके मनुष्य की रचनात्मक शक्ति में वृद्धि करती है। इसके लिए आवश्यक है कि आप नकारात्मक लोगों से दूर रहें, क्योंकि ये लोग निराशा से भरे होते हैं, अपने निराशा भरे विचार आपके पास छोड़ते हैं, जिससे आप भी प्रभावित होती हैं। गृहिणी अनीता कहती हैं, 'मैं नेगेटिव लोगों से दो फुट की दूरी बनाकर रखती हूं, क्योंकि ऐसे लोग जब भी मिलते हैं, मेरे अच्छे खासे दिमाग में अपना कचरा छोड़ जाते हैं, जिससे जीवन में रुकावटें आती हैं।'

**छोटी-छोटी खुशियों को सेलिब्रेट करें:** जीवन के प्रति सदैव सकारात्मकता से भरपूर रहने वाली अनुभा कहती हैं, 'मेरे लिए हर नया दिन एक उत्सव जैसा होता है। अपनी मीटिंग के सफल हो जाने पर मनचाही मूवी देख लेने पर, दी गई समय सीमा में कार्य पूर्ण हो जाने पर या सप्ताहांत का अवकाश, मुझे असीम खुशी देता है, क्योंकि मेरी नजर में खुश होना या खुशी मनाना एक अहसास है, जिसके लिए किसी बड़ी घटना, कार्य या बहुत पैसे का होना जरूरी नहीं है।'

**खुशी देना सीखें:** किसी सहेली की कोई रेसिपी या पेंटिंग, सिंगिंग की तारीफ या किसी के विवाह, जन्मदिन की वर्षगांठ पर मैसेज के स्थान पर फोन कॉल करके बधाई देना, आपको सकारात्मकता से भर देगा। किसी भूखे को खाना खिलाना, गार्ड या मेड को गरमा-गरम चाय पिलाने से उसके चेहरे पर आई खुशी आपको ऊर्जा से भर देगी।

**जीवन को सरलतम तरीके से जिएं:** कुछ लोग बेवजह का अहंकार पालकर अपने जीवन को दुरुह बना लेते हैं। इसकी अपेक्षा आप जीवन को जितने सरल तरीके से जिएंगी, जीवन आपको उतना ही खूबसूरत लगेगा। अपने एकाकी जीवन में अपनी सोच में बदलाव लाकर, उसे सकारात्मक बनाकर आप अपने बेशकीमती जीवन को खूबसूरत बना सकती हैं।

### फिट रहना है जरूरी



हम सदियों से सुनते आए हैं, निरोगी काया इस जीवन का सबसे बड़ा सुख है। इसके लिए आवश्यक है कि आप प्रतिदिन कम से कम 40 मिनट स्वयं को दें। इस अवधि में आप इच्छानुसार वॉकिंग, जिमिंग, योगा अथवा व्यायाम करें।

### आहार हो पौष्टिक



अकसर देखा जाता है कि अकेला इंसान अपने लिए भोजन बनाने में आलस्य करता है या एक टाइम बनाकर दो या तीन टाइम तक बासी खाना खाता है। ऐसा करने की अपेक्षा हरदम पौष्टिक और ताजा भोजन खाने का प्रयास करें।

## बच्चों को ना रखें डरा-धमका कर

कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को बहुत डरा-धमकाकर रखते हैं। इससे वे डरे-सहमे रहते हैं। उनके व्यक्तित्व का विकास बाधित होता है। पैरेंट्स बच्चों की परवरिश में किन बातों का ध्यान रखें कि वे दब्बू ना बनकर निर्भीक-साहसी बनें और सफल हों।

परवरिश

रेखा शाह आरबी



अकसर यह देखा जाता है, जब कभी छोटे बच्चे ज्यादा तंग-परेशान करते हैं तो पैरेंट्स यह कहकर उन्हें डराते हैं, 'चुपचाप सो जाओ, नहीं तो भूत आकर ले जाएगा।' इस तरह अलग-अलग तरीकों से बच्चों को डराया जाता है। हमें यह समझना चाहिए, बच्चों का मन बहुत कोमल होता है, वे डर जाते हैं। उनके मन में हमेशा के लिए भय का बीजारोपण हो जाता है। पैरेंट्स को यह अनुमान ही नहीं होता कि बच्चे के भीतर बचपन में एक डर समा रहा है। पैरेंट्स अलग-अलग डर से बच्चों को डराते हैं। ऐसा करना गलत है, उनके व्यक्तित्व विकास में बाधक है।

**जीवन भर रहता है प्रभाव:** हम सब जीवन भर किसी न किसी डर का सामना करते रहते हैं। ऐसा कोई भी नहीं है, जो किसी बात से डरता ना हो। कभी-कभी हमारे जीवन में ऐसे अनेक अवसर आते हैं कि हम अपने जीवन में बहुत आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन अपने डर के कारण हम उन मौकों को गंवा देते हैं। बाद में जब उसी काम को करके दूसरों को सफल होते देखते हैं तो सोचते हैं, 'काश! हमने भी यह प्रयास किया होता।' यह 'काश' की नींव हमारे बचपन में हमारे पैरेंट्स रखते हैं, मतलब हम सफल होंगे या असफल।



**पैरेंट्स से सीखता है डरना:** हमें याद रखना चाहिए कि जब हम जन्म लेते हैं तो हमारे भीतर किसी वस्तु या स्थान के प्रति कोई भय नहीं होता है। एक छोटा बच्चा मात्र दो चीजों से डरता है- एक तेज आवाज और दूसरे नीचे गिरने से। बाकी दुनिया के सारे डर बच्चा अपने भाई-बहनों और माता-पिता से सीखता है। जब भी कोई शिशु नई वस्तु या किसी नई परिस्थिति में पड़ता है तो पैरेंट्स की तरफ देखता है। जब वह पैरेंट्स को भयभीत देखता है तो वह भी सहम जाता है। यदि निडर देखता है तो वह भी निडरता का व्यवहार करने लगता है। आप एक शिशु के सामने कोई खूंखार जानवर खड़ा कर दीजिए, वह भयभीत नहीं होगा। क्योंकि उसे नहीं मालूम कि वह खतरनाक है या नहीं। वह उस खूंखार जानवर के साथ अपने माता-पिता के व्यवहार को ऑब्जर्व करता है। यदि माता-पिता डरते हैं तो वह भी डरता है, यदि नहीं डरते हैं तो बच्चा भी नहीं डरता है। दुनिया भर के डर, बच्चों को अपने माता-पिता और परिजनों द्वारा मिलते हैं। हम कई बार अपने अनुचित डर के कारण भी पिछड़ते और कुंठित होते चले जाते हैं। यानी बच्चों को सारे डर अपने परिवार से ही मिलते हैं। निडरता और साहस भी अपने परिवार से मिलता है। अगर बचपन से ही बच्चों पर ध्यान दिया जाए, उन्हें गैर जरूरी चीजों से डराया ना जाए तो उनका ज्यादा बेहतर तरीके से विकास होगा। इसलिए, जरूरी है, बच्चे डरकर नहीं रहें, खुलकर बोलें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो।

### बात-बात पर डांटने का पड़ता है बुरा असर

कुछ बच्चों को अपनी बात किसी के सामने निर्भय होकर रखने में एक डर लगता है। बच्चा यही सोचता है कि सामने वाला उसके बारे में क्या सोचेगा? इस तरह वह खुलकर कभी बोल ही नहीं पाता। यह एक सामाजिक डर है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बचपन में कई बार पैरेंट्स बच्चों को डांट कर चुप कराते रहते हैं। उन्हें उनकी मन की बात नहीं कहने देते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि आगे चलकर बच्चा किसी के सामने कोई बात कहने में संकोच करता है। अपनी बात खुलकर कभी नहीं कह पाता।



स्पेशल: इंटरनेशनल-डे फॉर द एलिमिनेशन ऑफ वॉयलेंस अगेंस्ट वुमेन, 25 नवंबर

देश-दुनिया में आज भी महिलाओं के प्रति समाज का नजरिया प्राय: अमानवीय बना हुआ है। उनके विरुद्ध शारीरिक-मानसिक हिंसा होती ही रहती है। आज का दिन स्त्रियों के विरुद्ध होने वाली हर तरह की हिंसा के उन्मूलन को लेकर जागरूकता लाने से जुड़ा है। ऐसे में हर किसी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

## महिलाओं के विरुद्ध हिंसा मिले अपनों का साथ

मुद्दा

डॉ. मोनिका शर्मा

हर वर्ष मनाया जाने वाला 'इंटरनेशनल-डे फॉर द एलिमिनेशन ऑफ वॉयलेंस अगेंस्ट वुमेन', स्त्रियों के विरुद्ध होने वाली हिंसा के उन्मूलन को लेकर जागरूकता लाने से जुड़ा है। महिलाओं के खिलाफ वॉयलेंस को रोकने और जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान करने के लिए इस दिन दुनिया भर में सजगता लाने के प्रयास किए जाते हैं। हर जगह स्त्रियों के साथ समान और सम्मानजनक व्यवहार करने के भाव को बल देने से जुड़ी कोशिशें की जाती हैं। गौरतलब है कि हर साल 25 नवंबर से शुरू हुई जागरूकता लाने वाली यह मुहिम भी सोलह दिन तक चलती है। वॉयलेंस अगेंस्ट वुमेन को लेकर सजगता लाने, संवेदनशील सोच को बढ़ावा देने और हिंसा खत्म करने वाली 16 दिनों की यह मुहिम 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के साथ समाप्त होती है।

**घर-परिवार में मिले सपोर्ट:** महिलाओं के आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने वाले हिंसक व्यवहार पर लगाम लगाने के लिए समाज में संवेदनाएं पोषित करने का प्रयास किया जाता है। हिंसा की शिकार हर महिला को अपनों का साथ मिले तो स्थितियां बदल सकती हैं।



**ना बनाएं उपहास का विषय :** घर में किसी महिला के साथ होने वाला हिंसक बर्ताव, मजाक का विषय नहीं होता। देखने में आता है कि कई घरों में पीड़ादायी हरकतें, अपनों के लिए एक आम-सी बात बन जाती है। 'आज फिर?', 'अरे! उसने फिर तुम पर हाथ उठाया क्या?', 'अरे हमेशा रोने की आदत है रे तुम्हें तो।' जैसे शब्दों-वाक्यों के संग हंसकर टाल दिया जाने वाला बर्ताव मान लिया जाता है। सवाल यह है कि अपने ही स्त्रीमन की पीड़ा को नहीं समझेंगे तो हालात बदलेंगे कैसे? यह दुर्व्यवहार सीधे-सीधे एक स्त्री के मानवाधिकार का हनन है। इंसान होने के नाते मान के साथ जीने के अधिकार पर किया जाने वाला हमला है। इसे भी गंभीरता से लिया जाना आवश्यक है।


**बढ़ावा बिल्कुल ना दें:** यह एक कड़वा सच है कि कई घरों में महिलाओं के अपने ही उनके खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देते हैं। कई परिवारों में शारीरिक हिंसा भले न की जाए, साइकोलॉजिकली महिलाओं को खूब प्रताड़ित किया जाता है। हमारे यहां बेटे के नकारात्मक व्यवहार पर पर्दा डालने वाले सास-ससुर भी हैं और पति की प्रताड़ना झेलती बेटी की शिकायतों के बावजूद चुप रहने वाले माता-पिता भी। बहू-बेटियों के साथ होने वाले हिंसक बर्ताव को जाने-अनजाने बढ़ावा दिया जाता है।

**पुरुषों की भूमिका हो सकती है अहम:** भाई, पिता हों या ससुर, देवर, जेठ, ननदोई या फिर बेटे, घर-परिवार में किसी महिला के साथ होने वाली हिंसा का विरोध पुरुषों को करना चाहिए। ऐसे में सहज रूप से विरोध जताने से लेकर खुद हिंसा ना करने और हिंसा की शिकार किसी महिला की मदद करने तक, पुरुषों का रोल बेहद अहम हो सकता है। ऐसे प्रयास से इस दंश का खात्मा कोई मुश्किल काम नहीं है।

### बहू-बेटी में ना करें फर्क



हमारे परिवेश में महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा में घरेलू हिंसा सबसे ऊपर है। इसके पीछे बहू और बेटी में फर्क करने की मानसिकता भी जिम्मेदार है। माता-पिता के घर में प्यार-मान पाने वाली बेटी का दूसरे घर की बहू बनते ही दोयम दर्जे के व्यवहार से सामना होता है। आज भी यह भेदभाव बहुत से घरों में कायम है। असल में घर के भीतर होने वाली हिंसा के लिए कोई एक वजह नहीं होती। बहुत से सामाजिक और पारंपरिक सोच से उपजे कारण इसके पीछे होते हैं।



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## सर्दियों में ऐसे करें पैरों की स्किन केयर

सर्दियां आते ही वातावरण में नमी की कमी की वजह से पैरों की त्वचा रूखी और बेजान लगने लगती है। इस दौरान पैरों की एड़ियां भी फटने लगती हैं या पैरों में खुजली और इरिटेशन होने लगती है। इसके कारण कई बार चलने में भी परेशानी होने लगती हैं। इससे बचाव के लिए पैरों की एक्स्ट्रा केयर करने की जरूरत होती है। इस मौसम में पैरों की देखभाल के लिए घरेलू उपाय काफी कारगर साबित हो सकते हैं।

**स्किन रहेगी मॉयश्चराइज:** अपने पैरों के प्रभावित एरिया और दरारों पर जैतून का तेल लगाने से त्वचा को पोषण मिलता है। इससे रूखेपन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। जैतून के तेल को गुनगुना करके पैर के तलवों की मालिश करने से पैरों की अकड़न दूर होती है। आप एक बाउल में थोड़ा जैतून का तेल लेकर उसे हल्का गर्म करें। अब इसमें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की तीन-चार बूंदें मिक्स करें। इसके बाद इस ऑयल से अपने पैरों की मालिश करें। इससे आपको कुछ ही देर में आराम का अहसास होगा। जैतून ऑयल में विटामिन-ई होता है इसलिए इसे लगाने से आपके पैर मुलायम होंगे और आप रिलैक्स महसूस करेंगी। गर्म पानी में व्हाइट विनेगर डालें और फिर पांच मिनट के लिए पैरों को इसमें भिगोएं। अब आप जैतून के तेल की कुछ बूंदों को क्यूटिकल्स पर लगाएं और इसे लगभग 10 मिनट तक फिर पानी में भीगने दें। जैतून का तेल पैरों की त्वचा को मॉयश्चराइज रखने में मदद करता है। आप इस तेल को एक जेंटल मॉयश्चराइजर के रूप में भी उपयोग कर सकती हैं। यह उन्हें क्रैक होने से बचाता है और डेड स्किन साफ करता है।



**स्किन ऐसे रहेगी सॉफ्ट:** सर्दियों में पैरों की त्वचा को नरम बनाए रखने के लिए नहाते वक्त पैर धोने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। लेकिन गर्म पानी का इस्तेमाल कतई न करें क्योंकि इससे पैर ड्राय हो सकते हैं, जिससे स्किन फट सकती है। गुनगुने पानी से ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है।

**मसाज करें:** सोने से पहले पैरों की हल्के हाथ से मसाज करें। इसके लिए सरसों या नारियल तेल को एक कटोरे में गुनगुना कर लें। इस तेल से पंजों और पैर के बाकी हिस्सों की मालिश करें। इससे पैरों में ब्लड सर्कुलेशन तेज होगा, जिससे पैरों में गर्माहट आएगी और पैर सुंदर दिखेंगे। पैरों की देखभाल के लिए हाइड्रो थेरेपी भी लाभदायक साबित होती है। इसके लिए आपको पहले ठंडे पानी में पैरों को 2 मिनट तक डुबोकर रखना होगा। फिर पैरों को 1 मिनट के लिए गर्म पानी में डुबोना होगा। ऐसा ही 15-20 मिनट तक करती रहें। फिर पैरों को पानी से निकाल लें और तौलिए से अच्छी तरह पोंछ कर मोजे पहन लें।



## जब एंग्जायटी सताए ऐसे करें बचाव


अलग-अलग वजहों से अनेक महिलाएं एंग्जायटी की शिकार हो जाती हैं। इससे बचाव के लिए आपको अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में सुधार करना होगा। यहां आपको बता रहे हैं, इससे रिलेटेड बहुत ही यूजफुल सजेशंस।

सजेशन

निकिता चौहान

आजकल की भाग-दौड़ भरी लाइफस्टाइल में मानसिक तनाव एक सामान्य समस्या बन गई है। महिलाओं में यह समस्या काफी ज्यादा देखी जा रही है, क्योंकि वर्किंग महिलाएं हों या हाउसवाइफ, उनके पास घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारी होती हैं। इस वजह से कई महिलाएं एंग्जायटी, तनाव या चिंताग्रस्त रहने लगती हैं। इसके कारण उनकी रोजमर्रा की जिंदगी भी प्रभावित होने लगती है।

**हो सकते हैं कई कारण:** डॉक्टर्स के अनुसार महिलाओं में चिंता के कई कारण हो सकते हैं, जैसे- हार्मोनल बदलाव। पीरियड्स, प्रेग्नेंसी और मेनोपॉज के दौरान हार्मोनल बदलाव की वजह से यह समस्या और बढ़ जाती है। इसके अलावा, काम का दबाव, परिवार की जिम्मेदारियां और सामाजिक अपेक्षाएं भी तनाव को जन्म देती हैं। अगर आप या आपके परिवार या दोस्तों में कोई महिला बार-बार घबराहट, बेचैनी या तनाव महसूस करती है, तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह संकेत हो सकते हैं कि उन्हें मेंटल हेल्थ कंसल्टेशन की जरूरत है। ऐसे समय में तुरंत मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेना बहुत जरूरी है, क्योंकि सही डायग्नोसिस और उपचार से एंग्जायटी को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए अपने और अपने संपर्क में रहने वाली महिलाओं की मानसिक स्थिति पर ध्यान दें, खुलकर उनसे बात करें, उन्हें सहारा दें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से मदद लेने से ना हिचकिचाएं। इससे न केवल चिंताओं से मुक्ति मिलेगी, बल्कि खुशहाल जीवन जीने में मदद मिलेगी।



**संतुलित आहार लें:** ताजे फल, सब्जियां, दालें, नट्स, और साबुत अनाज से भरपूर आहार आपकी मानसिक सेहत के लिए लाभकारी हैं। विटामिन-बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-डी और मैग्नीशियम से भरपूर भोजन चिंता को कम करने में मदद करते हैं।

**कैफीन-शक्कर का सेवन सीमित करें:** अधिक कैफीन और शक्कर शरीर में एड्रेनलीन हॉर्मोन को बढ़ाते हैं, जिससे चिंता बढ़ सकती है।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड:** मछली, अलसी, अखरोट में पाए जाने वाले ओमेगा-3 फैटी एसिड दिमाग की कार्यक्षमता सुधारते हैं और तनाव को कम करते हैं।

**पर्याप्त पानी पिएं:** डिहाइड्रेशन से मानसिक थकावट और चिंता बढ़ सकती है। इसलिए पानी खूब पिएं, नारियल पानी-जूस भी पिएं।



**व्यायाम-योगाभ्यास:** रोजाना 30 मिनट की हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या योगाभ्यास करने से मानसिक तनाव कम होता है। रोज एक किलोमीटर की वॉक करें, यह एंग्जायटी रोकती है। साथ ही ध्यान, मानसिक स्थिति को शांत करता है और तनाव को कम करता है।

**पर्याप्त नींद लें:** नींद की कमी से भी चिंता और तनाव बढ़ता है, इसलिए डेली सात से आठ घंटे अच्छी नींद बहुत जरूरी है।

**(क्लिनिकल डाइटीशियन-कंसल्टेंट न्यूट्रिशनिस्ट कनिका मल्होत्रा से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप



### बसों की छत पर सफर करने को यात्री मजबूर

**खरखौदा।** खरखौदा में ट्रैफिक रूल लगातार टूट रहे हैं और ट्रैफिक पुलिस कर्मी इन्हें अनदेखा कर रहे हैं जिसके कारण अब हालात इतने बिगड़ते जा रहे हैं कि बसों की छतों पर सवारियां लद कर जा रही है। हालांकि दो दिन पहले ही बहादुरगढ़ के आसौदा गांव में खरखौदा से जाने वाली बस पलट चुकी है और 20 से अधिक सवारियों को चोट भी लग चुकी है। पिछले वर्ष प्राइवेट बसों की आपस में टक्कर से दो की जान गई थी और कई सवारियों को चोट भी लगी थी। लेकिन इसके बाद भी प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

### भाषण प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**गोहाना।** अंतर विद्यालय अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल (ओपीएस) के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सोमवार को स्कूल में विजेता विद्यार्थियों को एमडी निर्मल लाठर ने ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर समारोहपूर्वक सम्मनित किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की और संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। 21 नवंबर को सोनीपत स्थित हिंदू विद्यापीठ में बाबू जयकिशन दास अग्रवाल अंतर विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ओपीएस की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इस टीम में पूर्वा पुत्र पवन कुमार और श्रेया पुत्री दीपक शामिल रहे, जिनको 3100 रुपये नकद पुरस्कार दिया गया।

### समाधान शिविर में सुनी समस्या

**खरखौदा।** उपमंडल अधिकारी कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान ग्रामीणों ने अपनी कई गंभीर समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। पहलादपुर किढ़ौली गांव से पहुंची बुजुर्ग महिला राजबाला ने बताया कि उसका राशन कार्ड कई बार काटा जा चुका है, जबकि उसके पास आजीविका का कोई पर्याप्त साधन नहीं है। वह विधवा है और उसका बेटा मजदूरी करता है, फिर भी उसका राशन कार्ड जानबूझकर बंद किया जा रहा है और दोबारा नहीं बनाया जा रहा। वार्ड-2 निवासी खजान सिंह ने शिकायत की कि जन स्वास्थ्य की सीवरेज लाइन खराब है, जिससे गंदा पानी ओवरफ्लो हो रहा है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा।

## दीनबंधु छोटू राम युवा सेवा समिति ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई


# दीनबंधु सर छोटूराम ने किसान, गरीब और शोषित वर्ग के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम युवा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू ने सोमवार को छोटू राम चौक पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीनबंधु छोटू राम ने किसान, गरीब और शोषित वर्ग के कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका व्यक्तित्व एक महान समाज सुधारक और क्रांतिकारी नेता के रूप में आज भी प्रेरणा देता है।

प्रोफेसर कुंडू ने बताया कि छोटू राम शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की मूल धुरी मानते थे और शिक्षा के प्रसार में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि उन्होंने वकील, मंत्री और शिक्षाविद के रूप में मानव कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया।

किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके हित में कानून बनवाने में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम में चौधरी चांद राम दहिया, कृष्ण काला, जसवंत सिंह, कृष्ण सैनी, बलबीर सिंह मलिक, मनोज, भोला, सुरेंद्र नैन और अशोक ठेकेदार मौजूद रहे।



**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम को नमन करते प्रोफेसर बंसीलाल कुंडू।

### टीकाराम कन्या महाविद्यालय में सर छोटूराम जयंती मनाई



टीकाराम कन्या महाविद्यालय में छोटूराम को नमन करते हुए प्राचार्या, स्टाफ एवं विद्यार्थी।

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में सर छोटूराम जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या गीता सहित सभी टीचिंग और नॉन-टीचिंग सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या ने सर छोटूराम के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए। अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सुधार और शिक्षा प्रसार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने छात्र-छात्राओं और स्टाफ को उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी और कहा कि सर छोटूराम के आदर्श आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। महाविद्यालय परिवार ने उनके विचारों। अपनाने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प भी लिया।

## सर छोटू राम के आदर्श अपनाने का दिया संदेश

■ छोटू राम आर्य महाविद्यालय में मनाई चौधरी छोटू राम जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

छोटू राम आर्य महाविद्यालय सोनीपत में रहबर-ए-आज़म चौधरी छोटू राम की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य जितेंद्र फोर और सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। प्राचार्य ने चौधरी छोटू राम के उत्कृष्ट योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों और श्रमिकों के अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने, उनके आदर्शों को अपनाने और समाजहित में आगे बढ़कर कार्य करने का संदेश दिया। एनसीसी कैडेटों ने भी चौधरी छोटू राम को सलामी देकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।



छोटूराम आर्य महाविद्यालय में चौ. छोटूराम को नमन करते हुए प्राचार्य एवं अन्य।



**गोहाना।** दीनबन्धु छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते नागरिक।

## दीनबन्धु सर छोटूराम को जयंती पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

■ किसान और मजदूर के मसीहा थे दीनबन्धु चौ. छोटूराम

सोमवार को विभिन्न संगठनों द्वारा दीनबन्धु चौ. छोटूराम को उनकी जयंती पर नमन किया गया। नागरिकों ने शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित छोटूराम चौक में एकत्रित होकर उनको श्रद्धांजलि देते हुए उनके पद्चिहनों पर चलने का संकल्प लिया। नागरिकों ने कहा कि दीनबन्धु छोटूराम किसान और मजदूरों के मसीहा थे। समारोह में डॉ. कपूर सिंह नरवाल, राजू विरमानी, अजीत सांगवान, सरपंच संदीप, आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप मलिक, रतन सिंह प्रजापति, सरपंच जयसिंह, नरेंद्र गहलावत, संदीप सनसनवाल, अतुल मलिक, विनय माथुर, अमित फौगाट, विजय मग्गों, यशपाल, रणबीर चहल, विक्रम सिवाच, आशीष लठवाल, कर्ण लाठर, मलिक राज मलिक, संजय दूहन, सुमेर चहल, सतबीर श्योराण, चौ. छोटूराम विचार मंच के अध्यक्ष प्रदीप चहल, जसबीर लठवाल और सरपंच सिकंदर ने दीनबन्धु छोटूराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

# संविधान राष्ट्र के चरित्र, मूल्य और दिशा का मार्गदर्शक



ब्राइट स्कॉलर स्कूल में प्रतिभागियों के साथ अतिथिगण साथ में प्राचार्या एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

■ ब्राइट स्कॉलर में 'संविधान की अवधारणा को समझना' विषय पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर विद्यालय में सोमवार को संविधान की अवधारणा को समझना विषय पर एक महत्त्वपूर्ण शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. बीआर अम्बेडकर लॉ विश्वविद्यालय, सोनीपत के विशेषज्ञों डॉ. दीपशिखा, डॉ. निष्ठा और डॉ. अर्जुन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की मूल भावना सम्मान, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व से अवगत कराना था। उन्होंने संविधान के प्रमुख सिद्धांतों जैसे लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, समान अवसर, न्यायपूर्ण शासन, तथा नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य की विस्तृत व्याख्या की।

कार्यक्रम का आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक था, जिसमें पंचायत की निष्पक्ष भावना को प्रदर्शित करते न्याय, पारदर्शिता, समानता और लोकतांत्रिक निर्णय प्रक्रिया का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने संविधान के मूल सिद्धांतों को समझते हुए नागरिक उत्तरदायित्व और सामाजिक समानता की महत्ता को आत्मसात किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रधानाचार्या डॉ.किरण दलाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र के चरित्र, मूल्य और दिशा का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि सम्मान, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व जैसे सिद्धांत विद्यार्थियों को संवेदनशील, जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाते हैं।



स्पोर्ट्स डे के दौरान प्रतिभागी क्लब सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## ब्राइट स्कॉलर स्कूल में बच्चों ने कई प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट का स्पोर्ट्स डे आयोजित

ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत में रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट की ओर से स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लब की मीटिंग चेयरमैन वंदना जग्गा और रूबी शर्मा के निर्देशन में हुआ। शुरुआत में सभी उपस्थित सदस्यों ने योग कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष पुनित जग्गा और सचिव अंकुश शर्मा ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल शारीरिक क्षमता बढ़ाने के साथ टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व कौशल को भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जोश के साथ भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के कई सदस्य अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद ने वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया पर जताई आपत्ति



राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए।

**सोनीपत।** विश्व हिंदू परिषद जिला सोनीपत ने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड पर हिंदू विद्यार्थियों के साथ भेदभावपूर्ण और असंतुलित प्रवेश प्रक्रिया अपनाने का आरोप लगाते कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। संगठन ने 24 नवंबर 2025 को इस विषय पर राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त रोहतक के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि श्री माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज, कटरा में प्रवेश प्रक्रिया की उच्चस्तरीय जांच कर हिंदू समाज के धार्मिक अधिकारों एवं सांस्कृतिक गरिमा की रक्षा सुनिश्चित की जाए। जिला मंत्री रवि कुमार ने कहा कि यह मामला हिंदू समाज के लिए अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है और इस मुद्दे पर हर हिंदू को दृढ़ता से आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने बताया कि संगठन ने इससे पूर्व गृह मंत्रालय को ईमेल के माध्यम से भी इस स्थिति से अवगत कराया था और अब राष्ट्रपति को निवेदन भेजा गया है। ज्ञापन सौंपते समय राजेश सैनी, पिंकी कौशिक, विनोद राठौर, रमेश, सुनीता आदि मौजूद रहे।

### बस स्टैंड खरखौदा बना अवैध पार्किंग का अड्डा

**खरखौदा।** बस स्टैंड इन दिनों अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है, जिससे रोडवेज कर्मियों व अन्य बस चालकों को बस अड्डे में आने–जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अवैध रूप से खड़े किए जा रहे वाहन न केवल जाम का कारण बनते हैं बल्कि किसी बड़े हादसे की आशंका भी बढ़ा रहे हैं। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब स्कूल–कॉलेज के छुट्टी या आने-जाने के समय कुछ शरारती तत्व बुलेट व अन्य बाइकों से स्टंट करते यहां पहुंच जाते हैं। इससे बस स्टैंड दुर्घटनाओं का संभावित क्षेत्र बन गया है।

## सोलो डांस में कनिका, स्वास्तिका, हिताक्षी का जलवा

■ ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में इंटर हाउस सोलो डांस प्रतियोगिता में पैंथर हाउस ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित इंटर हाउस सोलो डांस प्रतियोगिता में छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्रा कनिका, स्वास्तिका, हिताक्षी व भाविका के भावपूर्ण व आकर्षक प्रदर्शन की बदौलत पैंथर हाउस ओवरऑल चैंपियन बना, जबकि प्यूमा हाउस की टीम को दूसरा स्थान मिला। स्कूल में इन छात्राओं को पुरस्कृत कर इनका हौसला बढ़ाया। प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप रूना दास ने इन्हें बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष , खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी इन छात्राओं को बधाई देकर उनकी हौसलाफजाई की।





ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में सोलो डांस प्रतियोगिता की विजेता कनिका, स्वास्तिका, हिताक्षी व भाविका विद्यालय की प्राचार्या गीता चोपड़ा व अध्यापिका के साथ।

## हरियाणा स्टेट क्वान की-डो चैंपियनशिप में चमकाया नाम

# साउथ पॉइंट के शिवम ने जीता कांस्य पदक

### स्कूल पहुंचने पर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

7वीं हरियाणा स्टेट क्वान की-डो चैंपियनशिप में साउथ पॉइंट स्कूल के छात्र शिवम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 आयु वर्ग के 77 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 22 व 23 नवंबर को खरखौदा के प्रताप स्कूल में आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन स्थानों से लगभग 200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। शिवम ने इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। बेहतरीन खेल कौशल और दमदार प्रदर्शन के आधार पर शिवम का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है।साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि शिवम वर्तमान में साउथ पॉइंट स्कूल की 11वीं कक्षा (विज्ञान संकाय) का छात्र है। वह पढ़ाई के साथ ही खेलों में भी लगातार बेहतर प्रदर्शन करता आ रहा है। राज्य स्तरीय क्वान की-डो चैंपियनशिप में शिवम ने पदक जीतकर न सिर्फ संस्थान बल्कि जिले का भी मान बढ़ाया है। स्कूल पहुंचने पर प्रबंधन द्वारा शिवम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उसकी उपलब्धि की सराहना की गई। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कहा कि शिवम ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। हमें उस पर गर्व है और हमें पूर्ण विश्वास है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन करेगा। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने शिवम के उज्जवल भविष्य की कामना की।



सीईओ भावना कालरा व अन्य के साथ पदक दिखाता शिवम।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान श्रवण गर्ग साथ में आयोग के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### 31 मार्च तक 2 हजार गोवंश किए जाएंगें शिफ्ट : गर्ग

**सोनीपत।** जिले में सड़कों पर घूम रहे 2 हजार गोवंश 31 मार्च 2026 तक शिफ्ट कर दिए जाएंगे। जिसके लिए करोड़ों रुपये अनुदान राशि गोशालाओं को दी जा चुकी है। उक्त बातें हरियाणा गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग ने सोमवार को गोशाला प्रबंधकों के साथ हुई बैठक के दौरान कही। बैठक में श्रवण गर्ग ने कहा कि गोवंशों को सड़कों पर बेसहारा छोड़ने वालों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि पहले सभी सड़कों पर गोवंश दिखाई देते थे। अब व्यवस्था सुधारने में समय लगा हैं। आयोग के अध्यक्ष श्रवण गर्ग ने सोमवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग कार्यालय में अधिकारियों व गोशाला संचालकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिले में सड़कों पर घूमने वाली गायों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। गोशालाओं को 5.34 करोड़ रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई है। जिससे आवश्यक कार्य समय पर पूरे किए जा सकें। 31 मार्च 2026 तक बेसहारा गोवंश फ्री सड़क हो जाएगी। इसके लिए गोशाला संचालकों ने सड़कों पर घूम रहे गोवंशों को गोशाला में रखने का आश्वासन दिया है।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (251 से अन्तिम विजेता तक)**

❖ वंतिका सुपुत्री जितेंद्र, बाबा मस्तनाथ नगर, रोहतक ❖ अरविन्द कुमार सिंह पुत्र श्री रामनेवाज सिंह निवासी गिज्जी रोड़, देव नगर, सांपला, रोहतक ❖ दिलबाग सिंह फौगाट, सुपुत्र श्री राममेहर सिंह, विजय नगर, बाग वाली गली, रोहतक ❖ अरविन्द कुमार सिंह सुपुत्र स्व. श्री रामनेवाज सिंह, गिज्जी रोड, देवनगर, सांपला, रोहतक ❖ ईशीका फौगाट पुत्री श्री हरेन्द्र फौगाट निवासी गांव रिठाल फौगाट, जिला रोहतक ❖ अंकुश पुत्र श्री राम कृष्ण लाल निवासी 186/15, पंचकुला ❖ अक्षित पुत्र श्री सुभाष चंद निवासी 2700, जी.एफ /15, पंचकुला ❖ ईशिका सुपुत्री गगनदीप, नजदीक पुराना बस स्टैण्ड, कुम्हारों की गली, भिवानी ❖ प्रीत सुपुत्र सत्यनारायण, पुराना बस स्टैण्ड, भिवानी ❖ धर्मवीर शर्मा सुपुत्र श्री भगवान शर्मा, उत्तम नगर, भिवानी ❖ कार्तिक सुपुत्र श्री विरेन्द्र, पुराना बस स्टैण्ड, भिवानी ❖ राशि सुपुत्री श्री रविन्द्र, पुराना बस स्टैण्ड, भिवानी ❖ कनिका सुपुत्री श्री धीरेन्द्र, गुजरो की ढाणी, भिवानी ❖ इशीका फौगाट सुपुत्री श्री हरेन्द्र फौगाट, गांव रिठाल फौगाट, रोहतक ❖ रविन्द्र सुपुत्र श्री महेन्द्र सिंह, बीपीओ छुछकवास, रोहतक ❖ सुनील कुमार सुपुत्र श्री नन्दलाल, नजदीक राणा धीर मन्दिर, भुना, फतेहाबाद ❖ श्रीरामबिलास बंसल सुपुत्र श्री कन्हैया लाल रामबिलास किरयाना हिसार, भूना, फतेहाबाद ❖ हर्षिता सुपुत्री श्री कमलजीत बास बादशाहपुर बास हिसार ❖ अर्जुन सिंह सुपुत्र श्री लाजे राम बास बादशाहपुर, हांसी, हिसार ❖ शिवकुमार सुपुत्र श्री फतेह सिंह, बास, आजमशाहपुर, बास, हिसार ❖ राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामकिशन, खाण्डा खेड़ी, हांसी, हिसार ❖ विनीत सुपुत्र श्री कमलजीत बास बादशाहपुर बास, हिसार ❖ तेलु राम सुपुत्र श्री राम स्वरूप, बास, आजम शाहपुर, बास, हिसार ❖ राजसिंह सुपुत्र श्री चन्दर सिंह, नगली गोधा, जिला रेवाड़ी, हरियाणा ❖ रणसिंह, मार्डन हेयर ड्रेसर सुपुत्र श्री मदन लाल मोहनपुर नागल, रसुलपुर, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुसडी लाल गांव बुयावास, झगडोली, महेन्द्रगढ़ ❖ रामानन्द यादव सुपुत्र श्री सिंहराम, गांव बचीनी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री जगराम सुपुत्र श्री सोहनलाल यादव, गांव सिहोर, कनीना, महेन्द्रगढ़

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

खबर संक्षेप



गोहाना। गुरु तेग बहादुर का स्मरण करते हुए गुरु और शिष्य।

## गुरु तेग बहादुर को किया नमन

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर गोहाना में सोमवार को गुरु तेग बहादुर की स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गुरु और शिष्यों ने गुरु तेग बहादुर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। समारोह में आचार्या विनीका और छात्र अर्चित ने गुरु तेग बहादुर के जीवन, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने धर्म, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर विश्व को साहस और सहिष्णुता का अनुपम संदेश दिया। विभाग प्रमुख दीपक कपूर ने कहा कि गुरु तेग बहादुर को उनके राष्ट्रहित में बलिदान के लिए हिंद की चादर का कहा जाता है। छात्रा शाखा प्रमुख मन्नू दूहन ने विद्यार्थियों को गुरु तेग बहादुर के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन सदन की ओर से सुभाष व वेदप्रकाश द्वारा किया गया। अंत में विद्यार्थियों ने गुरु तेग बहादुर के उपदेशों पर चलते हुए सद्भाव और सेवा का संदेश देने का संकल्प लिया।

### एक नवंबर से हुई शुरुआत, शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर की जांच

# चेकिंग अभियान : 5,109 चालान
# 80.55 लाख रुपये का जुर्माना

1. संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी और हाईवे पर नाकाबंदी और वाहनों की जांच की
2. मोबाइल पर बात करते वाहन चालक और बिना नंबर प्लेट की बाइकों पर पुलिस का विशेष ध्यान
3. कार चालकों की ब्लैक फिल्म को भी मौके पर ही हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत इस माह में अब तक सैंकड़ों चालान किए जा चुके हैं और लाखों रुपये जुर्माना किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र कुमार के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर लगाम कसना है। इसी क्रम में, सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सोनीपत ट्रैफिक पुलिस ने पूरे नवंबर माह में जिले भर में एक सघन चेकिंग अभियान चलाया है। सोनीपत ट्रैफिक पुलिस की सभी टीमों ने जिले के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों, शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और सबडिवीजन स्तर पर पूरे महीने स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया। इस विशेष अभियान के दौरान, ट्रैफिक पुलिस ने 1 नवंबर से 23 नवंबर तक मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 5109 वाहन चालकों के चालान किए और कुल 80 लाख 55 हजार सात सौ रूपये का जुर्माना लगाया। इसके अतिरिक्त, ब्लैक फिल्म का उपयोग कर रहे कार चालकों की ब्लैक फिल्म को भी मौके पर ही हटाया गया।



सोनीपत। अभियान के दौरान चालान काटते हुए पुलिस कर्मी।

**नवंबर माह में काटे गए चालान**

| | |
|---|---|
| बुलेट पटाखा | 34 |
| ब्लैक फिल्म | 99 |
| शराब पीकर गाड़ी चलाना | 95 |
| ट्रिपल राइडिंग | 181 |
| लेन परिवर्तन | 510 |
| विपरीत/गलत दिशा में गाड़ी चलाना | 449 |
| अवैध लाल नीली बत्ती | 16 |

**अपराधियों पर लगाम कसने पर ज़ोर**

इस अभियान के दौरान, पुलिस ने केवल ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ही कार्रवाई नहीं की, बल्कि वाहनों की चैकिंग के साथ-साथ संदिग्धों की तलाशी भी ली। हाईवे पर नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों से गहन पूछताछ की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पिछले लंबे समय से सोनीपत पुलिस लोगों को ट्रैफिक नियम पालन करने के लिए जागरूक कर रही है। चेकिंग के दौरान, पुलिस का सबसे अधिक ध्यान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वालों, बिना नंबर की बाइकों और पटाके बजाने वाले बुलेट मोटरसाइकिलों पर है, और ऐसे वाहनों को जब्त भी किया जा रहा है।

## मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों ने किया प्रदर्शन

परिवहन मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



सोनीपत। बस स्टैंड परिसर से विरोध प्रदर्शन करते हुए बाहर आते रोडवेज कर्मचारी।

- अंबाला में परिवहन मंत्री अनिल विज के आवास पर निकालेंगे न्याय मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी साझा मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को बस अड्डे पर रोडवेज कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने महाप्रबंधक कार्यालय में परिवहन मंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया तो प्रदेशभर के कर्मचारी 18 जनवरी 2026 को अंबाला छावनी में परिवहन मंत्री अनिल विज के आवास पर न्याय मार्च निकालेंगे। कर्मचारी नेता रामपत गोरड़, संजय, संजीव और मनजीत पहल ने बताया कि प्रदेश सरकार रोडवेज विभाग की ओर ध्यान नहीं दे रही है। आम आदमी, व्यापारी, विद्यार्थियों की पसंद सस्ती एवं सुरक्षित परिवहन सेवा दिन प्रति दिन पूंजीपतियों के हाथों में सौंपी जा रही हैं।

**यह योजना विभाग को घाटे की ओर ले जा रही**

योजना के तहत ई-बसों व किलोमीटर स्कीम की बसों को विभाग में शामिल किया जा रहा है। यह बसें रोडवेज विभाग को बड़े घाटे की ओर ले जा रही हैं। सरकारी बसों को चलाने के लिए चालकों व परिचालकों की कमी हैं। कार्यशाला में बसों की मरम्मत के लिए कर्मचारी न के बराबर है। ऐसे में कर्मचारियों का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनिल बड़ौली ने बताया कि प्रदेश सरकार के पास किलोमीटर स्कीम बसों को कोरोना काल में खड़ी बसों को करोड़ों रुपये देने के लिए बजट है। दूसरी ओर आम जनता की सेवा करने वाले रोडवेज कर्मचारियों से अधिक कार्य लेकर बहुत कम वेतनमानों पर गुजारा करने के लिए मजबूर किया जा रहा हैं। सरकार उनकी मांगों को जायज मानकर समझौता कर रही हैं परंतु लागू नहीं कर रही।

## भाजपा ने वोट चोरी कर बनाई सरकार : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार के आवास पर पत्रकारवार्ता को किया संबोधित

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि भाजपा ने वोटो की गणना में धांधली करके सरकार बनाई है। राहुल गांधी ने इस बात के बाकायदा सबूत पेश किए हैं। इस बात का गवाह पूरा हरियाणा है कि कैसे वोटिंग के बाद हर दिन वोट की प्रतिशत बढ़ती रही। एक-एक महिला के नाम पर कई-कई वोट बनाए गए और लाखों फर्जी वोट बनाकर जनादेश की चोरी की गई। यह भी स्पष्ट हो गया है कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर काम कर रहे हैं। अगर ऐसा नहीं है तो चुनाव आयोग पर लगे आरोपों का जवाब बीजेपी के नेता क्यों दे रहे हैं? भूपेंद्र सिंह हुड्डा सोमवार को पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार के आवास पर पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर शोक जताया और कहा कि वो मेरे अच्छे दोस्त थे। वो बहुत ही अच्छे व्यक्ति थे, उनके जाने से फिल्म जगत को बड़ी क्षति पहुंची है। इस मौके पर उन्होंने देश के नए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत को बधाई भी दी और इस बात पर खुशी जताई कि हरियाणा से संबंध रखने वाले न्यायाधीश इतने बड़े पद पर पहुंचे हैं। प्रेस वार्ता में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक पदम दहिया, जिला अध्यक्ष कमल दिवान, संजीव दहिया, अशोक छाबड़ा, मनोज रिढ़ाऊ, सुरेंद्र छिक्कारा, ललित पंवार, कमल हसीजा, प्रेमनारायण गुप्ता, राकेश सौदा, अनुज छाबड़ा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



सोनीपत। पत्रकारवार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा साथ में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक।



सोनीपत। परेड के दौरान शामिल पुलिस कर्मी।

## पुलिस कर्मियों की हुई जनरल परेड

**सोनीपत।** पुलिस लाईन सोनीपत में जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड में पुलिस उपायुक्त क्राईम नरेन्द्र कादयान ने परेड का निरीक्षण कर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए दिशा निर्देश भी दिए। पुलिस लाईन सोनीपत में जनरल परेड का आयोजन किया गया है। जिसमें जिला पुलिस के अधिकांश अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। पुलिस उपायुक्त नरेन्द्र कादयान ने जनरल परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त ने पुलिस लाईन में स्थित सभी कार्यालयों, कोत व परेड ग्राउंड में खड़े वाहनों को भी चैक किया और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त मुरथल निधि नैन व सहायक पुलिस आयुक्त शहर सोनीपत जीत सिंह भी मौजूद रहे।

## सड़क की खराब हालत पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

- बड़वासनिया से भटगांव मार्ग जर्जर, बढ़ रही परेशानी, प्रशासन से तुरंत सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बड़वासनिया से भटगांव मार्ग के टूटे होने के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन किया। संजय बड़वासनिया ने कहा कि इस रोड की खराब हालत के कारण कई गांवों के लोगों को गंभीर परेशानी झेलनी पड़ रही है। सड़क पर कई फुट गहरे गड्ढे बन गए हैं और आसपास की इंडस्ट्री में चल रहे कार्यों के चलते भारी वाहनों की आवाजाही से टूट-फूट लगातार बढ़ रही है। आरोप है कि कई फैक्ट्रियों का पानी भी सड़क पर बह रहा है, जिससे स्थिति और खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि ठंड और धुंध के मौसम में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जर्जर सड़क को तुरंत ठीक कराने की मांग की। साथ ही यह भी कहा कि निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का उपयोग किया जाता है, इसलिए सभी सड़कों की जांच कमेटी से करवाई जानी चाहिए।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण एवं अन्य।

## कविता वाचन में शिवांश व अहाना प्रथम



गन्नौर। कविता वाचन के प्रतिभागी छात्रों के साथ बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल का स्टाफ।

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया और देशप्रेम, प्रकृति, नैतिक मूल्यों व हास्य विषयों पर सुंदर कविताएं प्रस्तुत कीं। छात्रों ने प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। जिसमें पहली कक्षा के शिवांश, अहाना प्रथम रहे, शनाया द्वितीय और अनविका तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए अतिथि।

## शिविर में 44 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को भाग राम ट्रस्ट के साप्ताहिक रक्तदान शिविर में एक महिला समेत 44 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर में तीन नागरिकों ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला। भाग राम ट्रस्ट द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को शहर में सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट स्थित भगवान परशुराम चौक में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इस बार शिविर के मुख्य अतिथि न्याय प्रवाह प्रमुख अधिवक्ता परिषद हरियाणा एडवोकेट रजनीश मलिक थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की और संयोजन स्टार रक्तदाता एवं समाजसेवी सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में प्राचार्य सोमेश शर्मा, महिला मनीषा मोर, दो सगे भाई दीपक कटारिया और ऋषि कटारिया ने रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में बलराज, कुलबीर, मदनलाल अत्री, विजय, मनोज सभरवाल, विकास, रणबीर, संदीप, सचिन, राकेश मलिक, राजेश मलिक और विनय गहलावत शामिल रहे। शिविर में सागर, रविंद्र कश्यप और गुरदीप ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

## वार्षिक खेलोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित जवाहरलाल नेहरु वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को पांच दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव का शुभारंभ हो गया। खेलोत्सव का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि किया। मार्गदर्शन एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा का रहा। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने किया। वार्षिक खेलोत्सव में पहले दिन दौड़ प्रतियोगिताएं करवाई गई। कक्षा पीपी-1 वर्ग के 50 मीटर रेस में लवनीत ने प्रथम, यश ने द्वितीय और अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंकी रेस में यश, लवनीत और पुलकित, फ्रॉग रेस में भव्यांस, योगीत और अनिरूद्ध, पीपी-2 वर्ग में 50 मीटर रेस में कुनाल, देविका और युविका, फ्रॉग जंप में कुनाल, अयान और सिवान्श, मंकी रेस में आदित्य, चिराग और लक्षित, पीपी-3 वर्ग में 50 मीटर रेस में यूवी, विक्रांत और सैमुअल, फ्रॉग जंप में रिहान, कार्तिक और छवि मंकी रेस में विक्रांत, लव्यान्श और सैमुअल क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार से कक्षा पहली में 50 मीटर रेस में अंश, आयुष और समर्थ, 100 मीटर रेस में विनीत, राधिका और जानवी, हर्डल रेस में चिराग, साहिल और मनीत, कक्षा दूसरी में 50 मीटर रेस में यश, वंश और रक्षित, 100 मीटर रेस में लविश, नमन और चिराग, हर्डल रेस में निशांत, हार्दिक और दीपेश क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। खेलों में कोच यूकेश दत्त और सोनू डीपी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा परखी।



गोहाना। दौड़ प्रतियोगिता में दम दिखाते हुए विद्यार्थी।



गन्नौर। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के विजेताओं के साथ स्कूल स्टाफ।

## बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

**गन्नौर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के निर्देशानुसार पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दतौली में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया, नोडल अधिकारी प्रिंसिपल विवेक शर्मा, समन्वयक प्रवक्ता एमपी सिंह तथा बीआरपी अंजू दहिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के राजकीय व निजी कुल 80 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन व प्लास्टिक के विकल्प, हरित उर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियां, मनोरंजक गणितीय माडलिंग, स्वास्थ्य व स्वच्छता तथा जल संरक्षण जैसे विषयों पर अपने वैज्ञानिक माडल प्रस्तुत किए। प्रवक्ता होशियार सिंह, प्रीति और वर्षा ने निर्णायक की भूमिका निभाइ। प्रतियोगिता में शाश्वत चेतना, राजकीय स्कूल सनपेडा, दतौली, रामनगर और खेड़ी गुज्जर सहित कई विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बीआरपी सुनंदन कुमार ने बताया कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को क्रमशः 500, 400 और 300 रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

निर्माण | विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने नारियल तोड़कर किया शुभारंभ

### जर्जर गलियों को सीसी से पक्का करने का काम शुरू

# 3.63 करोड़ से होंगे विकास कार्य, बिछाई जाएंगी सीवर लाइन, बनेंगी नई सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोमवार सुबह विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 12 के तारा नगर में पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 12 में तारा नगर की विभिन्न गलियों को सीसी से पक्का करवाया जाएगा। कई गलियों में सीवरेज और पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन बिछाई गई थी, उसके उपरांत गलियों की हालत जर्जर हो गई थी, इन सभी गलियों को सीसी से पक्का करने का काम शुरू किया गया है। इसके साथ ही तारा नगर की कई अन्य गलियों को भी नए सिरे से सीसी द्वारा पक्का किया जाएगा। इस कार्य को 73 लाख रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इसके उपरांत विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नंबर 19 के महलाना रोड पर पहुंचे और विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया।



सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक एवं मेयर।

**ये कार्य किए जाएंगे**

मेयर राजीव जैन ने बताया कि गढ़ी गेट से नगर निगम अग्निशमन कार्यालय (फायर ऑफिस) तक, उसके बाद फायर ऑफिस से सेक्टर 23 आउटर रोड से होते हुए एचएसवीपी डिस्पोजल ऑफिस तक सीवरेज लाइन बिछाने का काम करवाया जाएगा। इस कार्य को 2 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इससे महलाना रोड और 23 सेक्टर निवासियों को सीवरेज लाइन के ब्लॉक होने और दूषित जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, निगम पार्षद लक्ष्मी नारायण तनेजा, निगम पार्षद बिजेंदर मलिक, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, नीरज सोनी, सेठा प्रजापति, पवन तनेजा, सोनू प्रजापति, अतुल गौतम, शशिकांत भारद्वाज, नकीन मेहरा, श्री प्रकाश वशिष्ठ, सुनील, सोनू सुहाग, जिले सिंह, काला तिहाड़ आदि लोग मौजूद रहे।